मुसरीघरारी में दिनदहाड़े 4 लाख लूट कर फरार

समस्तीपुर (आससे)। ज़िले के मुसरीघरारी चौराहा पर शुक्रवार दोपहर दिनदहाड़े चार लाख रुपये की लूट ने पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़ा कर दिया है। पुराने थाना के पास बाइक सवार दो बदमाशों ने बैंक से रुपये निकालकर ऑटो का इंतजार कर रहे व्यक्ति का झोला छीन लिया। हैरानी की बात है कि वारदात स्थल से महज 10 कदम की दूरी पर डायल 112 की गाड़ी खड़ी थी, फिर भी बदमाश बेखौफ वारदात कर पुलिस के सामने से ही सातनपुर की ओर फरार हो गए। पीड़ित की पहचान बरबट्टा गांव निवासी संतोष रजक, पिता सतहु रजक के रूप में हुई है। उन्होंने मुसरीघरारी थाने में लिखित आवेदन दिया है।आवेदन के अनुसार, शुक्रवार दोपहर संतोष ने पहले स्टेट बैंक से 2 लाख और फिर यूनियन बैंक से 2 लाख रुपये निकाले। कुल 4 लाख रुपये झोले में रखकर वे पैदल पुराने थाना के पास पहुंचे और ऑटो खड़े थे। तभी बाइक पर सवार दो युवक आए। पीछे बैठे युवक ने उनके हाथ से झोला छीनने की कोशिश की।संतोष ने हिम्मत दिखाते हुए झोला मजबूती से पकड़ लिया। बाइक आगे बढ़ती रही और वे झोला पकड़े काफी दूर तक बदमाशों के साथ घिसटते रहे। जब झोला नहीं छूटा तो पीछे बैठे बदमाश ने पैर से प्रहार किया और बाइक की रफ्तार बढ़ा दी। आखिरकार झोला छूट गया और बदमाश रुपये लेकर फरार हो गए।घटना के बाद पीड़ित दौड़कर 10 कदम आगे खड़ी डायल 112 की गाड़ी के पास पहुंचे और पूरी बात बताई। पुलिस ने पीछा भी किया, लेकिन बदमाश हाथ नहीं आए। स्थानीय लोगों के अनुसार बदमाश डायल 112 की गाड़ी के सामने से ही पूर्व दिशा में भागे। व्यस्त चौराहे और पुराने थाना के पास दिनदहाड़े लूट से लोगों में दहशत है। लोगों का कहना है कि बैंक से निकलने वालों को टारगेट किया जा रहा है। बैंक परिसर और चौराहों पर गश्ती व सीसीटीवी निगरानी बढ़ाई जाए।थानाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह ने बताया कि आवेदन मिला है, मामले की जांच की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही है।



तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक में मारी जोरदार टक्कर, बाइक सवार युवक की हुई मौत


मधुबनी(संसू)। जिले के बासोपट्टी थाना क्षेत्र में गुरुवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार 20 वर्षीय युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, सुंदरपुर और इजोत गांव के बीच ईंट लदे तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने पीछे से बाइक मे जोरदार टक्कर मार दीया। टक्कर मे बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को लोगों द्वारा अस्पताल ले जाने के दौरान युवक की मौत रास्ते मे हो गई। दुर्घटना के बाद मौके पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई। जबकि ट्रैक्टर चालक मौके का लाभ उठा कर फरार हो गया। मृतक की पहचान हरलाखी थाना क्षेत्र के करुणा गांव का जयराम साह के 20 वर्षीय पुत्र संतोष कुमार साह के रूप में हुई है। बताया जाता है कि संतोष भगीरथपट्टी गांव में अपने एक दोस्त से मिलकर बाइक से वापस अपने घर करुणा लौट रहा था। इसी दौरान दोपहर करीब दो बजे के बीच सुंदरपुर और इजोत के बीच ये हादसा हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायल युवक को आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बासोपट्टी पहुंचाया, जहां लेजाते समय उनकी मौत रास्ते में ही हो गई। युवको की मौत की सूचना लोगों के द्वारा थाना पुलिस को दीया गया। सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुँच कर दूर्घटना ग्रस्त ट्रेकर एवं बाइक को कब्जे मे लेकर, चालक की तलाश करने मे जूट गई है। पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम को लेकर तैयारी मे जूटी हुई है। दुर्घटना की खबर मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव मे मातमी सन्नाटा पसरा परा है।

चोरी की दो मोबाइल के साथ युवक गिरफ्तार

जाले (दरभंगा) (आससे)। जाले के शंकर चौक स्थित एक श्रृंगार दुकान से मोबाइल चोरी कर भाग रहे युवक को स्थानीय दुकानदारों ने खदेड़कर पकड़ लिया। इसके बाद उसे पुलिस के हवाले कर दिया। तलाशी के दौरान उसके पास से रियलमी और वीवो कंपनी के एक-एक मोबाइल बरामद हुए। पकड़े गए युवक की पहचान सीतामढ़ी जिले के पुपरी थाना क्षेत्र के पोखर बिरहा निवासी राकेश साह के पुत्र सोनू साह के रूप में हुई है। इस मामले में पीड़ित दुकानदार ने जाले थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, जाले के वार्ड 13 स्थित दर्जी मोहल्ला निवासी मो. कमरे आलम के पुत्र मो. फूल बाबू शंकर चौक पर श्रृंगार की दुकान चलाते हैं। बीते 29 अक्टूबर की शाम करीब 6-30 बजे सोनू साह क्रीम खरीदने के बहाने दुकान पर पहुंचा। दुकानदार क्रीम लाने के लिए अंदर गए, इसी दौरान आरोपी गल्ले से मोबाइल लेकर भागने लगा। स्थानीय दुकानदारों ने उसे खदेड़कर पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से चोरी के दो मोबाइल मिले। पूछताछ के दौरान आरोपी ने कथित तौर पर बीते 30 अगस्त को रंगीला पान दुकान के काउंटर से 10 हजार रुपए तथा 17 अक्टूबर की सुबह साथी चौक स्थित एक बिस्कुट दुकान के काउंटर से 28 हजार रुपए चोरी करने की बात बताई। सूचना मिलने पर दोनों दुकानदार मौके पर पहुंचे। उन्होंने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान की। मामले की जांच एसआई पवन कुमार कर रहे हैं।


महिला की मांग में जबरन सिंदूर डालने के आरोपी को पुलिस ने बेगूसराय से दबोचा

समस्तीपुर (आससे)। बीते गुरुवार को सोशल मीडिया पर एक विडियो वायरल हुआ था, जिसमें एक व्यस्क युवक के द्वारा साड़ी पहनी हुई महिला के मॉग में जबरन सिंदूर डालते हुए देखा जा रहा है, जहाँ अन्य कई ग्रामीण लोग भी खड़ें है। इस संबंध में गुरुवार को ही पीड़ित महिला उम्र 38 वर्ष के द्वारा खानपुर थाना में आवेदन दिया गया है। जिसके आधार पर खानपुर थाना कांड सं0-243/26 धारा-83/84/351(2)/352/3(5) बीएनएस के अंतर्गत पॉच नामजद अभियुक्तो के विरूद्ध कांड दर्ज कराया गया। इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए खानपुर पुलिस के द्वारा घटना में संलिप्त मुख्य आरोपी कुंदन कुमार उम्र-22 वर्ष-पिता-दिनेश महतो साकिन-मसीना थाना-खानपुर जिला-समस्तीपुर को बेगूसराय जिला खोदावनपुर से गिरफ्तार कर लिया गया है। घटना में शामिल अन्य फरार एवं वीडियो वायरल करने वाले अन्य व्यक्तियों के विरूद्ध विधिवत कार्रवाई की जा रही है।खानपुर पुलिस के द्वारा गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।



पीएम-किसान उत्सव दिवस का आयोजन

पूसा,(समस्तीपुर),(आससे)। डॉ. राजेन्द्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा के विद्यापति सभागार में शुक्रवार को पीएम-किसान उत्सव दिवस मनाया गया। इस दौरान बनासकांठा, गुजरात से प्रधानमंत्री के द्वारा पीएम-किसान सम्मान निधि की 24वीं किस्त जारी करने के कार्यक्रम का किसानों को लाइव प्रसारण दिखाया गया। वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 12 हार्टिकल्चर क्लस्टर्स का भी शुभारंभ किया। इस अवसर विद्यापति सभागार में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित किसानों को संबोधित करते हुए वि वि के कुलपति डॉ. पी. एस. पांडेय ने कहा कि पीएम-किसान योजना केवल आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि किसानों के स्वाभिमान और आत्मनिर्भरता का प्रतीक है। इस योजना ने छोटे और सीमांत किसानों को खेती के लिए समय पर पूंजी उपलब्ध कराई है। उन्होंने कहा कि स्थानीय किसानों की समस्याओं को ध्यान में रखकर विश्वविद्यालय में कई शोध कार्यक्रम चल रहे हैं जिनका परिणाम अगले वर्ष से आने लगेगा। इससे किसानो को बहुत लाभ होगा।



उन्होंने कहा कि किसानों को उन्नत तकनीक और प्रशिक्षण देने के लिए भी विश्वविद्यालय लगातार कई कार्यक्रम चला रहा है। ?निदेशक अनुसंधान डॉ ए के सिंह ने विश्वविद्यालय की और से चल रहे किसान केंद्रित अनुसंधान परियोजनाओं और विभिन्न नये प्रभेदों के बारे में विस्तार से जानकारी दी कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन डॉ. संजीव कुमार ने किया। इस दौरान वैज्ञानिक सहित महिला पुरूष किसान उपस्थित थे।

दरभंगा में 61 करोड़ की लागत से बनेगा इसरो स्पेस गैलरी एवं इनोवेशन सेंटर

36 करोड़ रुपये की मिल चुकी है मंजूरी, चंद्रयान, मंगलयान व आदित्य-एल1 के मॉडल के साथ मिलेगी आधुनिक तकनीकी शिक्षा

दरभंगा(आससे)। मिथिला के विद्यार्थियों और युवाओं को अंतरिक्ष विज्ञान एवं आधुनिक तकनीक की शिक्षा उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल हुई है। दरभंगा तारामंडल सह ज्ञान-विज्ञान संग्रहालय परिसर में इसरो के सहयोग से स्पेस गैलरी एवं स्पेस इनोवेशन सेंटर की स्थापना की जाएगी। सांसद डॉ. गोपाल जी ठाकुर ने बताया कि 61 करोड़ रुपये की इस परियोजना में 36 करोड़ रुपये की मंजूरी मिल चुकी है।



परियोजना की संभावनाओं और तकनीकी पहलुओं का जायजा लेने के लिए इसरो के क्षमता निर्माण कार्यक्रम कार्यालय के वरिष्ठ वैज्ञानिकों एवं विशेषज्ञों की टीम ने प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण किया। इसके बाद दरभंगा परिसदन में सांसद की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई। इसमें इसरो के वरिष्ठ वैज्ञानिक वंशीधर सहित जिला प्रशासन, विश्वविद्यालयों एवं तकनीकी शिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधि शामिल हुए।

सांसद ने बताया कि प्रस्तावित केंद्र में चंद्रयान, मंगलयान, आदित्य-एल1 एवं गगनयान के मॉडल, 3डी प्रदर्शनियां, वर्चुअल रियलिटी, स्पेस वॉक सिमुलेशन और डिजिटल डिस्प्ले की सुविधा होगी। वहीं इनोवेशन लैब में रॉकेट्री, मिनी सैटेलाइट, रोबोटिक्स, सेंसर टेक्नोलॉजी एवं कोडिंग का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि इस केंद्र से मिथिला के विद्यार्थियों को अंतरिक्ष विज्ञान और अनुसंधान के अध्ययन के लिए बड़े शहरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। इससे क्षेत्र में वैज्ञानिक सोच और नवाचार को बढ़ावा मिलेगा।

रामेश्वर जुट मिल के पास झाड़ी में मिला युवती का शव, हत्या की आशंका

समस्तीपुर (आससे)। जिले के कल्याणपुर थाना क्षेत्र के जुट मिल के गेट संख्या 2 के समीप शुक्रवार की अहले सुबह झाड़ी में लगभग 18 वर्षीय अज्ञात युवती का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई और देखते ही देखते आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। इसी बीच किसी ने इसकी सूचना कल्याणपुर थाना को दी। जानकारी मिलने पर थाना अध्यक्ष रणवीर कुमार राउत ने अपने टीम को घटना स्थल भेजा। पुलिस मौके पर पहुंच कर अपने स्तर से जांच पड़ताल कर रही है। शव देखने से ऐसा प्रतीत होता है कि मृत युवती कोई आर्केस्ट्रा में काम करती थी, शंका जताया जा रहा है कि किसी मनचलों ने बहला फुसला कर सुनसान जगह ले गया होगा और दुष्कर्म करने के पश्चात हत्या कर साक्ष्य छुपाने के नीयत से झाड़ी में लाकर फेंक दिया होगा। पुलिस ने शव के पास से प्लास्टिक का गुलाबी रंग का चप्पल, काला जींस, यही नहीं पतला काला रंग का बेल्ट, लाल टी शर्ट, नाक में सोने जैसा कीलनुमा आभूषण पहने हुई है। बहरहाल मृत युवती की पहचान अबतक नहीं हो सकी है।

पुलिस एवं अपराधियों के बीच मुठभेड़ में 2 अपराधी गिरफ्तार

समस्तीपुर (आससे)। बीती देर शाम मुसरीघरारी थाना एसटीएफ एवं डीआईयू समस्तीपुर की संयुक्त टीम के द्वारा अपराधियों के एकत्रित होने की गुप्त सूचना पर विधिवत कार्रवाई करते हुए गंगापुर उच्च विद्यालय के पास गाछी में छापेमारी की गई थी।पुलिस को देखते ही अपराधियों के द्वारा पुलिस बल पर जानलेवा फायरिंग की गई। आत्मरक्षार्थ पुलिस की नियंत्रित जवाबी फायरिंग में राम प्रसाद सिंह के पुत्र मनीष कुमार सिंह साकिन-नीरपुर थाना-कर्पूरीग्राम जिला-समस्तीपुर के पैर में गोली लगी है जिसे मानवीय आधार पर पुलिस ने अपनी अभिरक्षा में ईलाज के लिए सदर अस्पताल समस्तीपुर भेजा गया।दूसरे अभियुक्त की पहचान रामप्रीत राय साकिन-मोरवा मोहनपुर, थाना- ताजपुर जिला-समस्तीपुर निवासी दिलीप कुमार राय को मौके पर ही गिरफ्तार किया गया। अंधेरे और झारी का लाभ उठा कर अन्य तीन अभियुक्त फरार हो गए। फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। मौके से 01 पिस्टल (मैगजीन सहित), 01 जिन्दा कारतूस,फायर किए गये कई खोखे एवं गोली का अग्रभाग,02 मोबाईल फोन तथा 01 काले रंग की मोटरसाईकिल बरामद की गई है। इस मामले में मुसरीघरारी थाना में कांड दर्ज कर विधि सम्मत कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार अपराधकर्मियों का नाम एवं पता,जख्मी अपराधी मनीष कुमार सिंह का आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर,वैशाली एवं नालंदा जिले में दो दर्जनों से अधिक इनके उपर हत्या, लूट,आर्म्स एक्ट, चोरी एवं डकैती समेत कई कांड दर्ज है। वहीं दूसरे अभियुक्त दिलीप राय के संबंध में जानकारी एकत्रित की जा रही है। छापेमारी में शामिल पदाधिकारी राकेश कुमार सिंह पुलिस अवर निरीक्षक सह थानाध्यक्ष मुसरीघरारी थाना,पुलिस अवर निरीक्षक रंगलाल साह, पुलिस अवर निरीक्षक डीआईयू सचिन कुमार,पुलिस अवर निरीक्षक अमित कुमार,शैलेन्द्र कुमार डी डीआईयू शामिल थे।

जनगणना 2027 के द्वितीय चरण की तैयारी शुरू, पदाधिकारियों का प्रशिक्षण प्रारंभ

दरभंगा (आससे)। भारत की जनगणना 2027 के द्वितीय चरण यानी मुख्य जनसंख्या गणना की तैयारी को लेकर शुक्रवार को डॉ. भीमराव अंबेडकर सभागार में जिलाधिकारी कौशल कुमार की अध्यक्षता में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। डीएम ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इसमें जिला, अनुमंडल एवं चार्ज स्तर के पदाधिकारी शामिल हुए। इस अवसर पर डीएम ने कहा कि स्वतंत्र भारत की आठवीं जनगणना देश के सामाजिक, आर्थिक एवं जनसांख्यिकीय स्वरूप को समझने का महत्वपूर्ण आधार है। इसके प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य 2 से 31 मई 2026 तक जिले में सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया है। अब दूसरे चरण में मुख्य जनसंख्या गणना 25 जनवरी से 28 फरवरी 2027 के बीच प्रस्तावित है। उन्होंने बताया कि इस बार जनगणना का कार्य डिजिटल मोबाइल ऐप के माध्यम से पेपरलेस तरीके से किया जाएगा। नागरिकों को 10 से 25 जनवरी 2027 तक वेब पोर्टल के माध्यम से स्वगणना की सुविधा भी मिलेगी। उन्होंने कहा कि जनगणना के सटीक आंकड़े शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, आवास सहित विभिन्न विकास योजनाओं के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसलिए सभी कर्मियों को निर्धारित मानकों एवं तकनीकी प्रक्रियाओं की पूरी जानकारी होनी चाहिए।प्रशिक्षण कार्यक्रम चार बैचों में संचालित होगा। राज्यस्तरीय मुख्य प्रशिक्षक रोहित कुमार एवं अमिताभ कुमार प्रशिक्षण देंगे। नगर आयुक्त गरिमा लोहिया ने कहा कि गणना के दौरान किसी भी व्यक्ति का आंकड़ा छूटना नहीं चाहिए। मौके पर जिला सांख्यिकी पदाधिकारी उदय नारायण प्रसाद, डीपीआरओ आशीष अमन, जिला पंचायती राज पदाधिकारी पवन कुमार यादव, डीईओ विद्यानंद ठाकुर सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।



जिला युवा महोत्सव में आर्यन भट्ट की टीम ने समूह लोकगीत में हासिल किया प्रथम स्थान

दरभंगा(आससे)। जिला प्रशासन एवं कला, संस्कृति एवं युवा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित जिला स्तरीय युवा महोत्सव में जिले के युवा कलाकारों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। महोत्सव में पारंपरिक लोककला एवं लोक संस्कृति की मनमोहक प्रस्तुतियों ने दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया। समूह लोक गीत प्रतियोगिता में आर्यन भट्ट के नेतृत्व वाली टीम ने अपनी शानदार प्रस्तुति से प्रथम स्थान प्राप्त किया। टीम में आर्यन भट्ट, नयन मिश्रा, अमित मिश्रा, अभिषेक गौरव, अमित यादव एवं मोहम्मद शफीकुल शामिल थे। कलाकारों ने पारंपरिक लोकधुनों और लोकगीतों की प्रभावशाली प्रस्तुति के साथ सुर एवं ताल का बेहतरीन समन्वय दिखाया। उनकी प्रस्तुति को निर्णायकों एवं दर्शकों ने सराहा। प्रतियोगिता में मिली इस सफलता पर टीम के लीडर आर्यन भट्ट ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि लोक संस्कृति हमारी वास्तविक पहचान है। इसे संरक्षित करना और नई पीढ़ी तक पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है, ताकि आने वाली पीढ़ियां भी अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से जुड़ी रहें। इस उपलब्धि से टीम के सदस्यों में उत्साह है। वहीं, युवा कलाकारों की इस सफलता को जिले के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। महोत्सव ने स्थानीय प्रतिभाओं को अपनी कला प्रदर्शित करने और लोक संस्कृति को आगे बढ़ाने का अवसर प्रदान किया।



दलीय बंधन तोड़ सर्वेश ने अनिल को गले लगाकर दी जीत की बधाई

प्रथम वरीयता की गिनती में कोई भी उम्मीदवार 31,911 के आंकड़े को नहीं छू सका

दरभंगा(आससे)। बिहार विधान परिषद के दरभंगा स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव में पहली बार राजद समर्थित उम्मीदवार ने जीत दर्ज कर इतिहास रच दिया। पढ़े-लिखे मतदाताओं के इस चुनाव में मिथिला क्षेत्र में राजद की जीत को राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। भाजपा समर्थित उम्मीदवार सर्वेश कुमार की हार के साथ ही यह चुनाव जिले के सबसे दिलचस्प और रोमांचक मुकाबलों में शामिल हो गया।

लहेरियासराय स्थित खेल भवन सह व्यायामशाला में करीब 72 घंटे से अधिक समय तक चली मैराथन मतगणना के बाद राजद समर्थित अनिल कुमार झा ने भाजपा प्रत्याशी सर्वेश कुमार को 4,010 मतों से पराजित किया। मंगलवार की सुबह आठ बजे शुरू हुई मतगणना लगातार तीन दिनों तक चली। इस दौरान प्रत्याशियों और समर्थकों के बीच लगातार बेचैनी बनी रही। चुनाव में कुल 40 प्रत्याशी मैदान में थे।

मतगणना के प्रथम चरण में प्रथम वरीयता के मतों की दस राउंड की गिनती बुधवार रात तक पूरी हुई। इस दौरान भाजपा प्रत्याशी सर्वेश कुमार अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी अनिल कुमार झा से करीब 1,500 मतों से आगे चल रहे थे। हालांकि, जीत के लिए किसी प्रत्याशी को कुल वैध मतों का 50 प्रतिशत से एक मत अधिक यानी 31,911 मत हासिल करना जरूरी था।

निर्वाचन क्षेत्र में कुल 69,141 मत पड़े थे। जांच के बाद 5,321 मत अवैध घोषित किए गए, जबकि 63,820 मत वैध पाए गए। प्रथम वरीयता की गिनती में कोई भी प्रत्याशी निर्धारित कोटा हासिल नहीं कर सका। इसके बाद बुधवार देर रात द्वितीय वरीयता के मतों की गणना यानी एलिमिनेशन राउंड शुरू किया गया। गुरुवार शाम तक चली इस प्रक्रिया में चुनावी तस्वीर पूरी तरह बदल गई और अंततः अनिल कुमार झा ने जीत हासिल कर ली।

विवरण आंकड़े- कुल मतदान- 69,141 वैध मत- 63,820 रद मत - 5,321 जीत का कोटा - 31,911 कुल प्रत्याशी - 40।

मॉडल स्कूल उच्च विद्यालय कर्पूरीग्राम का डीईओ ने किया औचक निरीक्षण

समस्तीपुर (आससे)। मॉडल स्कूल के रूप में चयनित पीआर इंटर विद्यालय, कर्पूरीग्राम में शुक्रवार को जिला शिक्षा पदाधिकारी कामेश्वर प्रसाद गुप्ता ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, आधारभूत सुविधाओं, विद्यार्थियों की सुरक्षा तथा उपलब्ध संसाधनों की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने प्रभारी प्रधानाध्यापिका किरण झा को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ सुरक्षित और बेहतर शैक्षणिक वातावरण सुनिश्चित करने पर जोर दिया। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने कहा कि विद्यालय में छात्रों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के साथ उनके सर्वांगीण विकास के लिए भी समुचित व्यवस्था जरूरी है। मॉडल स्कूल के रूप में चयनित होने के कारण विद्यालय में शैक्षणिक गतिविधियों को और प्रभावी बनाने, उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग करने तथा नए शैक्षणिक नवाचारों को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। निरीक्षण के क्रम में जिला शिक्षा पदाधिकारी ने विद्यालय की प्रयोगशाला में रनिंग वाटर की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने टूटे हुए बेंच-डेस्क की शीघ्र मरम्मत कराने तथा विद्यार्थियों के बैठने की समुचित व्यवस्था करने को कहा। विद्यालय में उपलब्ध जिम एवं व्यायामशाला के उपकरणों को व्यवस्थित रखने और उनका बेहतर उपयोग सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया। इसके अलावा, आवश्यक स्थानों पर वॉश बेसिन लगवाने तथा खराब और अनुपयोगी सामग्री का नियमानुसार निस्तारण करने का निर्देश दिया,विद्यार्थियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जिला शिक्षा पदाधिकारी ने विद्यालय भवन के अंदर और बाहर आवश्यक स्थानों पर अग्निशमन यंत्र लगाने का निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि किसी भी आपातकालीन परिस्थिति से निपटने के लिए विद्यालय में सुरक्षा संबंधी सभी आवश्यक इंतजाम होने चाहिए। इसके साथ ही विद्यालय के मुख्य द्वार पर आपातकालीन निकासी मानचित्र लगाने को कहा, ताकि जरूरत पड़ने पर विद्यार्थी और शिक्षक सुरक्षित बाहर निकलने का रास्ता आसानी से समझ सकें। निरीक्षण के दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने जिला शिक्षा पदाधिकारी के समक्ष अपनी समस्याएं रखीं। उन्होंने विद्यालय की व्यवस्था से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की और आवश्यक सुधार के लिए दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण का उद्देश्य विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था को बेहतर बनाने, आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने और विद्यार्थियों के लिए सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करने पर केंद्रित रहा। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति के शिक्षाविद् नित्यानंद राय, वरीय शिक्षिका डॉ. बेबी कुमारी, संजीव नयन, तरुण कुमार झा सहित विद्यालय के अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

तकनीकी ज्ञान के साथ प्रबंधन एवं व्यक्तित्व का विकास जरूरी : डॉ. संजय

रोसड़ा (आससे)। उदयनाचार्य रोसड़ा कॉलेज रोसड़ा में शुक्रवार को कॉलेज एवं इंटरनेशनल स्कूल ऑफ मैनेजमेंट पटना के संयुक्त तत्वाधान में छात्र - छात्राओं के लिए तकनीकी एवं रोजगारपरक कौशल विषय पर कार्यशाला आयोजित की गयी । कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. संजय झा ने की । अपने अध्यक्षीय संबोधन में उन्होंने कहा कि प्रबंधन भारतीय संस्कृति के लिए कोई नई अवधारणा नहीं है । प्राचीन भारत में आचार्य चाणक्य ने प्रबंधन , शासन और अर्थ व्यवस्था के क्षेत्र में महत्वपूर्ण सिद्धांत प्रस्तुत किए थे। उन्होंने छात्र-छात्राओं को पारंपरिक ज्ञान के साथ अधुनिक तकनीकी शिक्षा को अपनाए जाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि आज के दौर में तकनीकी ज्ञान के साथ संचार कौशल, व्यक्तित्व विकास, और व्यवहारिक समझ का होना भी अत्यंत आवश्यक है।



प्रशिक्षण एवं नियोजन पदाधिकारी नीरु कुमारी झा तथा सहायक प्रबंधक दिव्यांशु कुमार ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि रोजगारपरक, कौशल विकास, जीविका संवर्धन एवं संचार कौशल के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धात्मक दौर में केवल शैक्षणिक योग्यता पर्याप्त नहीं है। आत्मविश्वास, प्रभावी संवाद, सकारात्मक सोच, अनुशासन और बेहतर व्यक्तित्व सफलता के लिए आवश्यक बताया।

कार्यक्रम का संचालान डॉ.अनिता कुमारी ने की। मौके पर डॉ. विनय कुमार, डॉ. सतीश कुमार, डॉ. अमरेश कुमार सिंह, डॉ. प्रमोद राम के आलावे प्रशांत कुमार बाल बोध चौधरी , सतीश कुमार , राजा कुमार समेत अच्छी खासी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

मधुबनी में 'स्टार्टअप-बैंक कनेक्ट' कार्यक्रम का सफल आयोजन

मधुबनी(आससे)। स्टार्टअप सेल, राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय मधुबनी द्वारा स्टार्टअप बिहार, उद्योग विभाग, बिहार सरकार की स्टार्टअप नीति के अंतर्गत गुरूवार को 'स्टार्टअपङ्कबैंक कनेक्ट' कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जिले के स्टार्टअप्स एवं नवोदित उद्यमियों को बैंकिंग सुविधाओं, वित्तीय सहायता तथा सरकारी योजनाओं के माध्यम से व्यवसाय के विकास के अवसरों से अवगत कराना था। कार्यक्रम में राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय मधुबनी के प्राचार्य प्रो0 राणा प्रताप सिंह, जिला उद्योग केंद्र मधुबनी के महाप्रबंधक श्री अमित विक्रम भारद्वाज, परियोजना प्रबंधक श्री रविशंकर उपाध्याय, मधुबनी के अग्रणी जिला प्रबंधक (छ्रूरू) श्री जी. एम. झा, नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक (छ्रूरू) श्री प्रशांत, स्टार्टअप सेल के फैकल्टी इंचार्ज श्री शशांक सौरभ, स्टार्टअप कोऑर्डिनेटर श्री कुमार हार्दिक, विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधियों तथा जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए स्टार्टअप्स और उद्यमियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान क्रेडिट गारंटी स्कीम फॉर स्टार्टअप्स (छ्रस्स), स्टार्टअप के लिए बैंक ऋण, कार्यशील पूंजी, ऋण आवेदन प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेजों तथा वित्तीय संस्थानों से जुड़ने के तरीकों पर चर्चा की गई। उद्यमियों को अपने व्यवसाय की वित्तीय आवश्यकताओं के अनुरूप उपयुक्त बैंकिंग सुविधाओं की जानकारी प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में बैंक प्रतिनिधियों और उद्यमियों के बीच संवाद के माध्यम से वित्तीय चुनौतियों को समझने तथा स्टार्टअप्स को संस्थागत वित्तीय सहायता से जोड़ने पर जोर दिया गया। साथ ही, डिजिटल वित्तीय सेवाओं और डिजिटल भुगतान समाधानों के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया। इस पहल का उद्देश्य जिले में उद्यमिता एवं नवाचार को बढ़ावा देना, स्टार्टअप्स की वित्तीय जागरूकता बढ़ाना तथा सरकारी संस्थानों, बैंकों और उद्यमियों के बीच समन्वय को मजबूत करना है। कार्यक्रम के सफल आयोजन के साथ स्टार्टअप सेल, जीईसी मधुबनी ने जिले में स्टार्टअप इकोसिस्टम को सशक्त बनाने और नवोदित उद्यमियों को आवश्यक मार्गदर्शन उपलब्ध कराने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

मैथिली साहित्य के विद्वान डा.नवोनाथ झा रचित चार पुस्तकों का लोकार्पण

मधुबनी (आससे)। मैथिली साहित्य के मूर्धन्य विद्वान कवि-साहित्यकार प्रो. (डॉ.) नवोनाथ झा रचित और नवारम्भ द्वारा प्रकाशित चार मैथिली पुस्तकों का भव्य लोकार्पण समारोह का आयोजन संतु नगर स्थित उनके आवास के विशाल प्रांगण में किया गया। जिसमें 'करामात' कथा तथा %गुड़ियाक-वियाह बाल कथा-संग्रह%, %गेनाक फूल% कविता एवं %हमर नाम बौआ% बाल कविता-संग्रह का लोकार्पण किया गया।

समारोह की अध्यक्षता कौआही ग्राम निवासी श्री वीरेंद्र झा उर्फ नूनू झा तथा कुशल संचालन साहित्य अकादमी पुरस्कृत कवि-साहित्यकार अजित %आजाद% ने किया। कार्यक्रम के शुरुआत में श्री %आजाद% ने सभी विद्वान शिक्षाविद् एवं साहित्यकारों का स्वागत-अभिनंदन किया। उसके बाद दीप-प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत के साथ-साथ मिथिला की परंपरानुसार पाग-दोपटा पहनाकर अतिथियों का स्वागत किया गया एवं कवयित्री सुश्री अनुपम झा के द्वारा विद्यापति रचित पारंपरिक भगवती-गीत 'जय जय भैरवी' के अद्भुत प्रस्तुति से हुई। मुख्य अतिथि के रूप में शिक्षाविद् प्रो. विष्णु कांत मिश्र, अवकाशप्राप्त प्राचार्य डॉ. शुभ कुमार वर्णवाल, डॉ. अरविन्द कुमार सिंह झा, मैथिली विभागाध्यक्ष, आर. के. कॉलेज, मधुबनी, श्रीमती साधना झा एवं रचनाकार प्रो. नवोनाथ झा मंचासीन रहे, जिनके द्वारा चारों पुस्तकों का लोकार्पण किया गया। डॉ. विभा कुमारी 'कविता' तथा कवयित्री मालती मिश्र द्वारा 'कथा संग्रह' पर विचार प्रकट किया गया। हास्य कवि कमलेश प्रमेन्द्र ने बाल कविता पर प्रकाश डाला।

वहीं प्रो. वर्णवाल ने चारों पुस्तकों एवं सम्पूर्ण लोकार्पण समारोह पर अपनी पद्यात्मक प्रस्तुति से सब का ध्यान आकृष्ट किया, यह सुन सभा में उपस्थित सभी श्रोताओं की तालियाँ बजती रही। सुश्री अनुपम झा ने भी अपना विचार व्यक्त किया। उसके बाद अजित %आजाद% ने विस्तार से पुस्तक के बारे में प्रकाश डाला। डॉ0 नवोनाथ झा ने सभी के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की।

कार्यक्रम में डॉ. सोनम बाला, रेवती रमण झा, चंदेश्वर खाँ, सुभाष चंद्र झा % सिनेही%, अनामिका चौधरी, नंदिनी झा शुभकामनाएं दी। सभा में आस-पास से भी लोग श्रोता के रुप में मौजूद मौजूद थे। अंत में अध्यक्षीय उद्बोधन में आदरणीय वीरेन्द्र झा ने एक लोकार्पण समारोह का आयोजन कौआही में भी आयोजित करने के लिए सभी साहित्यकारों को आमंत्रित किया।

समारोह में रवीन्द्र नाथ झा, सुनील कुमार झा, कमलेश कुमार झा, वीरेन्द्र कुमार, धीरेन्द्र कुमार, सिम्पी कुमारी, डा रूबी कुमारी, रत्ना कुमारी, शुभांजलि मिश्रा, आदित्य कुमार मिश्रा,अर्णव कुमार, डॉ. आनन्दशील, मुकेश कुमार झा, शिवेश कुमार झा,गोलू कुमार झा आदि उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन चण्डेश्वर खाँ द्वारा कर कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा की गई।

भारत की जनगणना 2027 के द्वितीय चरण प्रथम बैच का जिला में जिला स्तरीय प्रशिक्षण का शुभारंभ

समस्तीपुर (आससे)। प्रथम बैच का प्रशिक्षण प्रधान जनगणना अधिकारी सह जिला पदाधिकारी समस्तीपुर रौशन कुशवाहा के निर्देशानुसार जिला जनगणना अधिकारी सह अपर समाहर्ता के नेतृत्व में अपर जिला जनगणना अधिकारी सह जिला सांख्यिकी पदाधिकारी , अनुमंडल पदाधिकारी समस्तीपुर एवं जनगणना कार्य निदेशालय पटना से आये प्रशिक्षक सुमन सिन्हा × अनु गुप्ता द्वारा दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया । अपर जिला जनगणना अधिकारी सह जिला सांख्यिकी पदाधिकारी द्वारा पौधा देकर जिला जनगणना अधिकारी एवं अनुमंडल पदाधिकारी का स्वागत किया गया। जिला जनगणना अधिकारी ब्रजेश कुमार सभी प्रशिक्षणार्थियों को उपलब्ध कराये गये क्ष्क्ष मैनुअल का गहन अध्ययन करने एवं प्रशिक्षक द्वारा दिये जाने वाले प्रशिक्षण को गहनता से आत्मसात हेतु निदेशित किया गया। अपर जिला जनगणना अधिकारी अशोक कुमार द्वारा प्रथम चरण में हुये छोटे - छोटे गलतियों से सिख लेकर पुनरावृत्ति नहीं हो एवं जनगणना के महत्व का विस्तृत जानकारी दिया गया । जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी द्वारा कार्य के दौरान आने वाली तकनीकी समस्याओं के संबंध में जानकारी दी गई ।

दरभंगा स्नातक निर्वाचन में राजद के अनिल कुमार झा 4010 मतों से विजयी

देर रात निर्वाची पदाधिकारी ने की परिणाम की घोषणा

दरभंगा। बिहार विधान परिषद के दरभंगा स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से राजद समर्थित उम्मीदवार अनिल कुमार झा ने जीत दर्ज की है। गुरुवार देर रात मतगणना पूरी होने के बाद निर्वाची पदाधिकारी सह प्रमंडलीय आयुक्त हिमांशु कुमार राय ने परिणाम की आधिकारिक घोषणा की और निर्वाचित प्रत्याशी को प्रमाणपत्र सौंपा। निर्वाची पदाधिकारी ने बताया कि अनिल कुमार झा को कुल 25,406 मत प्राप्त हुए, जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी भाजपा प्रत्याशी सर्वेश कुमार को 21,396 मत मिले। इस प्रकार अनिल कुमार झा ने 4,010 मतों के अंतर से जीत हासिल की। जन सुराज पार्टी के उम्मीदवार मोहम्मद इम्तेयाज 12,823 मत प्राप्त कर तीसरे स्थान पर रहे। मतगणना परिणाम की घोषणा में विलंब होने से राजद समर्थकों के बीच देर रात तक असमंजस की स्थिति बनी रही। बड़ी संख्या में समर्थक लहेरियासराय स्थित खेल भवन के मतगणना केंद्र के बाहर जुटे रहे।



इसे देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा के मद्देनजर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात किया था। इधर, भाजपा प्रत्याशी सर्वेश कुमार के मतगणना केंद्र से बाहर निकलने और राजद प्रत्याशी को बधाई देने के बाद स्थिति सामान्य हो गई। परिणाम घोषित होते ही राजद समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई।